## संक्षिप्त समाचार

### ग्राम किशनपुर के शासकीय उचित मूल्य दुकान के संचालक की दबंगता उपभोक्ताओं पर भारी महीने में दो दिवस खुल रही दुकान



**खातेगांव, निप्र।** खातेगांव तहसील के ग्राम किशनपुर में उचित मूल्य की राशन दुकान संचालक के द्वारा उपभोक्ताओं के साथ ठगी की जा रही है। इस मामले की शिकायत उपभोक्ताओं द्वारा ग्राम पंचायत के सचिव से की गई तो पंचायत सचिव द्वारा मौका स्थल पर पहुंचकर जानकारी जुटाई गई, उपभोक्ताओं ने शिकायत में बताया कि महीने में दो दिवस राशन की दुकान खुलती है एवं दुकान संचालक द्वारा पहले ही अंगूठे लगवा लिए जाते हैं और रिसीव्ड पर्ची भी नहीं दी जाती है, जब हमारे द्वारा कहा जाता है कि शासन इतना राशन दिया है तो आप कम क्यों दे रहे हैं तो दुकानदार कहता है हमें इतना ही राशन प्राप्त हुआ है जहां चाहे शिकायत कर लो, पूरे मामले का मौका पंचनामा ग्राम पंचायत सचिव द्वारा बनाया गया। मामले पर खातेगांव कनिष्क खाद्य अधिकारी धर्मेंद्र शर्मा से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि आपके द्वारा मामला संज्ञान में आया है सोमवार को जाकर दुकान पर स्टॉक की जांच की जाएगी और उपभोक्ता से कथन भी लिए जाएंगे अगर कोई धांधली पाई गई तो नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

### पॉलिटेक्निक महाविद्यालय सभागार में सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन






**उज्जैन, (विनय उजाला)।** भगवान बिरसामुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन के द्वारा से पॉलिटेक्निक महाविद्यालय सभागार में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें माननीय यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव वर्चुअल रूप से सम्मिलित हुए। आयोजन में अनहद लोक कला सांस्कृतिक शैक्षणिक साहित्यिक संस्थान उज्जैन के लोक कलाकारों ने संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित गुरु शिष्य परंपरा योजना के अंतर्गत प्रसिध्द लोक गायक व प्रशिक्षक गुरू श्री रामचंद्र गांगोलिया से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कलाकारों के साथ मिलकर सुमधुर पारंपरिक व विलुप्त होते लोकगीतों की प्रस्तुति प्रस्तुत की जिसमें जिसमें लोक गीत, गणेश वंदना, निर्गुणी भजन इत्यादी का विशेष उल्लेख कर प्रस्तुतीकरण किया गया। आयोजन में उज्जैन उत्तर क्षेत्र के विधायक श्री अनिल जैन कालूहेडा, महापौर मुकेश टटवाल जिला पंचायत उपाध्यक्ष के साथ ही शासन, प्रशासन के प्रमुख पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। साथ ही जिला के शासकीय छात्रावास व विद्यालयों से अध्यापकों के साथ ही विद्यार्थी उपस्थित रहे। श्री गांगोलिया के साथ शिष्य व कलाकार अशोक गेहलोत, निर्मल बंसज, विजय गांगोलिया, अजय गांगोलिया, बद्रीलाल मालवीय इत्यादी उपस्थित रहे।

### व्यंग्य लेखक समारोह पहली बार रतलाम में पद्मश्री डॉ. ज्ञान चतुवेर्दी सहित वरिष्ठ व्यंग्यकार मौजूद रहेंगे

**रतलाम, निप्र।** समारोह के स्थानीय संयोजक व्यंग्यकार आशीष दशोत्तर ने बताया कि व्यंग्य लेखक समिति (वलेस) का यह आयोजन 22 दिसम्बर को होटल अजंता पैलेस में होगा। प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला प्रतिष्ठित ज्ञान चतुवेर्दी व्यंग्य सम्मान समारोह अब तक महानगरों में आयोजित होता रहा है मगर यह पहला अवसर होगा जब रतलाम में यह आयोजन होगा ।

# 21 नवंबर को उज्जैन को मिलेगी बड़ी सौगात

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव मेडिसिटी का करेंगे भूमि पूजन

विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव आगामी 21 नवंबर को उज्जैन शहर की जनता को एक बड़ी और विशेष सौगात देने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ.यादव के द्वारा गुरूवार 21 नवंबर को (मेडिसिटी) मेडिकल कॉलेज का भूमि पूजन किया जाएगा। शीघ्र ही उज्जैनवासियों की बहुप्रतिक्षित इच्छा पूर्ण होगी।**



गौरतलब है कि काफी समय से उज्जैन में मेडिकल कॉलेज बनाए जाने की मांग की जा रही थी। मेडिकल कॉलेज के बनने के बाद उज्जैन की जनता को विशेष स्वास्थ्य सुविधाएँ प्राप्त होंगी, साथ ही जटिल स्वास्थ्य प्रक्रियाओं के लिए शहर की जनता को बड़े शहरों की ओर नहीं जाना होगा। कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने जानकारी दी कि शहर की जनता की काफी समय से की जा रही मांग के दृष्टिगत मुख्यमंत्री ने उज्जैन में मेडिकल कॉलेज के शुभारंभ करने की घोषणा की थी। उसी के परिपेक्ष्य में मुख्यमंत्री के द्वारा आगामी 21 नवंबर को भूमि पूजन किया जाएगा।

शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय का निर्माण जिला चिकित्सालय परिसर और संख्या राजे परिसर में पुराने भवनों को तोड़कर किया जाएगा। महाविद्यालय में 150 सीटों का 9 मंजिला कॉलेज भवन, 605 बिस्तरों का 10 मंजिला चिकित्सालय भवन के साथ संख्या राजे परिसर में बालक एवं बालिका छात्रावास, नर्स छात्रावास और रेसिडेंट डॉक्टर्स के लिए छात्रावास 3,13 मंजिला भवन और 2,10 मंजिला भवन का निर्माण किया जाना है। इसमें कुल 1268 लोग निवास कर सकेंगे। दोनों परिसरों में आवागमन की दृष्टि से आगर रोड़ पर एक फुटओवर ब्रिज भी बनाया जाएगा।

गौरतलब है कि परियोजना की प्रशासकीय स्वीकृति 592.33 करोड़ रूपये है और इसका निर्माण आगामी 36 माह में पूर्ण किया जाना है।

### मेडिसिटी में यह रहेगी सुविधा

उल्लेखनीय है कि यह 600 बेड की आधुनिक बिल्डिंग होगी। इसमें जी+13 मंजिल होंगी तथा सभी अत्याधुनिक उपकरणों से यह लैस होगी। मेडिकल से संबंधित सभी आवश्यक सुविधाएँ यहां पर प्रदान की जाएगी और विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा रोगियों का ईलाज किया जाएगा। मेडिकल कॉलेज के बनने के बाद उज्जैन संभाग के आसपास के जिलों की जनता को इसका लाभ मिलेगा। इसमें टेली मेडिसिन की सुविधा से अंतर्राष्ट्रीय डॉक्टरों की सुविधा भी मिल सकेगी। इसमें आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ-साथ आपात स्थिति में भी विशेष स्वास्थ्य सुविधाएँ 24 घण्टे उपलब्ध रहेंगी।

### मेडिसिटी निर्माण स्थल का निरीक्षण

शनिवार को सुबह विधायक अनिल जैन कालूहेडा और कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने जिला अस्पताल की भूमि पर बनने वाले मेडिकल कॉलेज का स्थल निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भूमि को समस्त जगह से समतल किया जाए। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव गुरूवार 21 नंवबर को उज्जैन में बनने वाले भव्य मेडिकल कॉलेज के निर्माण का भूमि पूजन करेंगे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि भूमि पूजन स्थल पर टेंट आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए साथ ही अन्य आवश्यक व्यवस्थाएँ भी पूर्ण की जाए। इस दौरान जगदीश पांचाल, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जयति सिंह एवं अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।

## श्री महाकालेश्वर मंदिर में डॉलर के नोटो की माला भेंट

विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** विश्व प्रसिद्ध भगवान श्री महाकालेश्वर की नगरी में प्रतिदिन लाखों के संख्या में श्रद्धालु आ रहे है। वहीं भगवान श्री महाकालेश्वर के दर्शन और पूजन के साथ ही भक्त यहां पर अलग-अलग तरह की भेट भी भगवान महाकाल को अर्पित करते हैं। शनिवार को भी बाबा के एक भक्त ने भगवान महाकाल को अमेरिकन डॉलर की माला भेंट की गई। यह माला तीन फीट से अधिक लम्बी है और माला में अमेरिकन डॉलर के नोट लगे हुए है। बीच में जय श्री महाकाल लिखा हुआ है। समय-समय पर मंदिर के अधिकारी, पुजारी, पुरोहितों, मंदिर प्रबंध समिति सदस्यों व कर्मचारियों के माध्यम से भी भक्तों को मंदिर में दान करने हेतु प्रेरित किया जाता है। इसी कड़ी में आज बाबा को अमेरिकन डॉलर की माला दान की गई। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक गणेश कुमार धाकड़ ने बताया कि अमेरिकन डॉलर की माला गुप्त दान में आई है। माला में करीब 200 नोट है। जिसे भगवान को अर्पित करने के बाद मंदिर सेवादारो द्वारा दान पेटी में डाल दिया गया।



## रिश्वतखोर प्रधान आरक्षक रंगे हाथ हुआ ट्रेप

विनय उजाला

**नागदा जं. निप्र।** महानिदेशक लोकायुक्त जयदीप प्रसाद के निर्देशन में, पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त अनिल विश्वकर्मा के आदेशानुसार डीएसपी राजेश पाठक एवं सुनील तालान उप पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त की टीम ने शनिवार को आवेदक बृजेश विश्वकर्मा पिता तिलकधारी विश्वकर्मा निवासी बिरला ग्राम नागदा जिला उज्जैन की शिकायत पर कार्यवाही करते हुए थाना बिरला ग्राम नागदा के प्रधान आरक्षक योगेन्द सेंगर पर कार्यवाही करते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।

बताया जा था है की प्रधान आरक्षक योगेन्द सेंगर शिकायत पर कार्यवाही न करने के एवज में उप निरिक्षक आनंद सोनी के नाम पर 4500 की रिश्वत की मांग कर रहा था जो सत्यापन में सही पाई गई। शनिवार को प्रधान आरक्षक योगेंद्र सेंगर को 4500 रु की रिश्वत लेते हुए ट्रैप किया गया। प्रधान आरक्षक योगेंद्र सेंगर के विरुद्ध धारा 7, भ्ष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संसोधन 2018 ) के अधीन प्रकरण दर्ज क़र विवेचना मै लिया गया।

इस कार्यवाही में विशाल रेशमिया, इसरार, श्याम शर्मा, संदीप कदम सहित 10 सदस्यों की टीम ने भाग लिया।



### विद्या भारती का संस्कृति महाकुंभ आज से

## 46 प्रांतों के भैया बहिन करेंगे लोक संस्कृति से जुड़ी प्रतियोगिता में सह-भागीता

विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित अखिल भारतीय संस्कृति महोत्सव का आयोजन 16 नवंबर से 19 नवंबर तक सरस्वती विद्या मंदिर ऋषि नगर उज्जैन (मध्य प्रदेश) में हो रहा है। उक्त आयोजन विद्या भारती मालवा प्रान्त के अत्तर्गत सस्कृति महोत्सव के लोक संस्कृति से जुड़ी अनेक विधाओं की राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धाएं जैसे-संस्कृति ज्ञान प्रश्न मंच, कथा कथन तात्कालिक भाषण, मूर्ति कला, लोक नृत्य प्रतियोगिता होने वाली है। जिसमें पूरे भारत के विद्या भारती के 11 क्षेत्रों के 46 प्रान्तो के 400 विद्यार्थी सहभागीता करेंगे।




शनिवार को शहीद राजाभाऊ महाकाल सस्कृति दीर्घा (प्रदर्शनी) का मुख्य अतिथियों के द्वारा लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नवनीत मसीन (डीआई जी पुलिस, उज्जैन), विशेष अतिथि बालकृष्ण शर्मा (पूर्व कुलपत्ति, उज्जैन), अध्यक्षता डॉ अशु घोष (एम.डी गायनोलॉजिस्ट), उपस्थित रहे। इस संस्कृति दीर्घ (प्रदर्शनी) में प्राचीन वाद्ययंत्र जैसे बास के ढफ, बेत का नगाड़ा, संगमरमर का नगाड़ा, लकड़ी का शख, पत्थर तरंग, मूंज का उमस के साथ ही अतीप्राचीन वनवासी भाई बहिनों की वेश मुषा, आभुषण, लोकनृत्य (भगोरिया, कर्मा नृत्य माच नृत्य, मालवा नृत्य) एवं उज्जैन के घर्मिक स्थल महाकाल मंदिर व महाकाल लोक, हरसिद्धी (शक्ति पीठ), कालभैरव, मगंल नाथ मंदिर, सांदीपनी आश्रम, नवग्रह शनि मंदिर, तथा पर्यटन स्थल भेड़ाघाट, खजुराहो, एवं भारत की पहली वैदिक घड़ी ड्रॉगला वेघशाला आदि के चलचित्र की प्रदर्शन हेतु लगाये गये है। उक्त महोत्सव का विधिवत उद्घाटन समारोह दिनाक 17 नवम्बर 2024 संकुल हाल कालिदास अकादमी कोठी रोड, उज्जैन में समय प्रात: 09꞉30 पर मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद बाल योगी उमेश नाथ जी महाराज, विशेष अतिथि: गोविद चंद्र महत (सगठन मंत्री, विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान, दिल्ली), अखिलेश मिश्रा (सह क्षेत्रीय संगठन मंत्री, मध्य क्षेत्र),जिले के प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, विधायक अनिल जैन के आतिथ्य में होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता, डॉ ललित बिहारी गोस्वामी (अध्यक्ष, सस्कृत शिक्षा संस्थान, कुरुक्षेत्र) द्वारा की जायेगी।

### कायस्थ समाज का दीपावली मिलन आज

## भगवान चित्रगुप्त जी की महाआरती कर छप्पन भोग लगाया जाएगा

**उज्जैन, निप्र।** श्री चित्रगुप्त मंदिर सार्वजनिक ट्रस्ट की आवश्यक बैठक महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं ट्रस्ट अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव की अध्यक्षता में रखी गई। जिसमें तय किया गया कि कायस्थ समाज उज्जैन का दीपावली मिलन का आयोजन आज 17 नवंबर रविवार को सुबह 10:30 बजे रखा जाएगा।

चित्रगुप्त मंदिर सार्वजनिक न्यास के मीडिया प्रभारी ने मंगेश श्रीवास्तव ने बताया कि मिलन समारोह में भगवान चित्रगुप्त जी की महाआरती कर छप्पन भोग लगाया जाएगा। उसके पश्चात कायस्थ समाज के वरिष्ठ लोगो का, दानदाताओं का एवं विभिन्न क्षेत्रों में अच्छा कार्य करने वाले समाजजनों का सम्मान किया जावेगा। उसके पश्चात सभी के लिए भोजन प्रसादी का आयोजन रखा जाएगा। इस बैठक में विशेष रूप से निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव, दिनेश कुमार श्रीवास्तव, युधिष्ठिर कुलश्रेष्ठ, गणेश गौड, अनिल श्रीवास्तव शिक्षक, देवेन्द्र श्रीवास्तव, निखिलेश खरे, मंगेश श्रीवास्तव, ब्रजेश श्रीवास्तव, सुमेघ भटनागर, प्रियांश श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव केशव नगर, उर्मिला श्रीवास्तव, पल्लवी श्रीवास्तव, शोभा श्रीवास्तव, आरती खरे, शिव श्रीवास्तव, चेतन श्रीवास्तव, अनुभव प्रधान, भारत सक्सेना, अभियान श्रीवास्तव, गीता सक्सेना आदि विशेष रूप से उपस्थित थे। आयोजन सफल बनाने हेतु बैठक में सभी पदाधिकारियों को व्यवस्था वितरित की गई।

### छोटे सरकार एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे खातेगांव

## भक्तों के बीच धर्म, आध्यात्मिकता, संस्कार, संस्कृति को बचाने का दिया संदेश, भक्तों को सुनाया वेद पाठ



अनिल उपाध्याय

**खातेगांव।** छोटे सरकार के नाम से विख्यात इंदौर छत्रीबाग आश्रम के ब्रह्मचारी संत दो दिवसीय दौरे पर खातेगांव, छिपानेर पहुंचे, जहां दादाजी धाम छिपानेर मैं रात्रि विश्राम कर दादाजी दरबार में हवन पूजन कर भक्तों से संवाद स्थापित किया, शनिवार खातेगांव के संदलपुर दादा जी आश्रम, मुकेश, विनोद सिसोदिया, पंडित लखन लाल गंगराड़े, अरुण शर्मा, के निज निवास पहुंचकर वहा उपस्थित भक्तों को आशीर्वचन प्रदान किया, इस दौरान उन्होंने, धर्म आध्यात्मिक संस्कार संस्कृति को बढ़ाने के लिए भक्तों को संदेश दिया।

श्री रामेश्वर दयाल महाराज छोटे सरकार जी ने श्री बड़े सरकार जी के महासमाधी लेने के बाद उनकी गद्दी संभाली7 श्री बड़े सरकार जी के महासमाधी लेने के पूर्व श्री छोटे सरकार जी ने लाखों भक्तों की ज़िम्मेदारी अपने पे ले ली।

देखते ही देखते भक्तों की गिनती एवं श्री छोटे सरकार जी मे अटूट विश्वास बड़ता गया। दुनिया भर से लोग उनका आशीर्वाद लेने पहुंचते हैं। भक्तों के साथ मिलकर श्री छोटे सरकार जी ने कई शहरों में पत्थर के मंदिर से दादा दरबार का निर्माण किया, जैसे, अमेरिका, इंदौर, दिल्ली, बड़वाह, साईखेड़ा, जबलपुर, जलगाँव, रेसरी (अलीगर), आगरा। और मिंदिरों का निर्माण चल रहा है।

### चोरों ने पांच मकानों को निशाना बनाया

**नागदा जं. निप्र।** गांव किलोडिया में बीती रात अज्ञात बदमाशों ने पांच मकानों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल निर्मित हो गया। मामले की पुलिस में शिकायत की है। गांव किलोडिया निवासी विधवा सुंडी बैरागी, ज्ञानूनाथ, सोनू नाथ, राजीबाई चौहान सहित एक अन्य के मकान को बीती रात अज्ञात बदमाशों ने निशाना बनाया। ग्रामीण विनोदसिंह गुर्जर के अनुसार चोरी की वारदात में सोने चांदी के आभूषण सहित गेहूं चुरा ले गए। पीड़ित व्यक्तियों ने मामले की शिकायत पुलिस थाने में की है।

## खेत से रात दो बजे युवक को उठाया और पांच किमी तक मारपीट की

**नागदा जं. निप्र।** गांव निम्बोदियाकला में खेत पर सो रहे युवक को बीती रात तीन से चार वाहनों में आए लोगों ने मारपीट की और शराब की पेटियों के साथ वीडियो फोटो खिंचने के बाद छोड़ गए। युवक ने गांव लौटने के बाद आपबीती परिजनों और ग्रामीणों को सुनाई। आक्रोशित ग्रामीणों पुलिस थाने में लिखित शिकायत की। मंगलवार को जनसुनवाई में एसपी से गुहार लगाएंगे।

गांव निम्बोदियाकला निवासी हिम्मतसिंह पिता गजराजसिंह 15 नवंबर की रात्रि में अपने खेत पर सो रहा था कि रात्रि दो बजे तीन से चार वाहनों में अज्ञात बदमाश आए। इसी दौरान मेरे दोस्त का मोबाईल कॉल आया, जिसने मुझ से पुछा कि तेरे खेत पर इतने वाहन क्यों खड़े है मैं जवाब देता उसके पहले ही बदमाशों ने मेरा मोबाईल फेंक दिया और मुझे उठाकर ले गए। लगभग पांच किमी दूर ले जाने के बाद मारपीट करते हूए कहा कि भागीरथ पिता फत्ताजी, भेरु पिता फत्ता के नाम से बयान देदे कि ये लोग दारु बेचते है तो मुझे छोड़ देंगे नहीं तो जेल जाना पड़ेगा और 80 हजार रुपए का जुर्माना भी देना होगा। हिम्मत का आरोप है कि उसको नागदा मंडी थाने के बाहर लाकर खड़ा कर दिया और चार पांच शराब पेटी के साथ मेरा फोटों खींचा और वीडियो बनाया। जबकि पुरे गांव वालों को पता है कि मैं शराब नहीं पिता है। वहीं भागीरथ पिता फत्ता ने भी पुलिस थाने में शिकायत की, जिसमें भागीरथ ने अशोक पंडी, मुनीर, हरीश यादव एवं चितांमण पर शंका जाहिर की है। इनके द्वारा ही हिम्मतसिंह को धमकाया गया है क्योंकि ये लोग जमीन का कब्जा छोड़ने के लिए दबाव बना रहे है जबकि जमीन का मामला न्यायालय में विचाराधीन है। भागीरथ ने कहा कि मंगलवार को मामले की शिकायत एसपी उज्जैन से जनसुनवाई में भी करुंगा।

### करंट लगने से तोलाराम की मौत

**नागदा जं. निप्र।** गांव रोहलकला में बिजली का करंट लगने से बुजूर्ग की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया। गावं रोहलकला निवासी तोलाराम पिता माधुजी शनिवार की शाम को मोटर पम्प चालू करने के लिए नाथुराम के ट्रांसफार्मर के समीप एलटी लाईन में तार डाल रहे थे इसी दौरान दुर्घटना हो गई, जिससे तोलाराम को करंट लगा और मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया।

### उज्जैन के कार्तिक मेले में केंद्रीय संचार ब्यूरो के पांच दिवसीय मल्टीमीडिया प्रदर्शनी का शुभारंभ

## विकसित भारत की नींव केन्द्र की कल्याणकारी योजनाएं : सांसद फिरोजिया

विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** उज्जैन के कार्तिक मेला में केंद्रीय संचार ब्यूरो भोपाल द्वारा विकसित भारत ञ्च2047 पर आधारित पांच दिवसीय फोटो प्रदर्शनी जनजागरुकता कार्यक्रम का गत दिवस सांसद अनिल फिरोजिया ने शुभारंभ किया। यह प्रदर्शनी 19 नवंबर तक आम जन के अवलोकनार्थ रहेगी।

इस प्रदर्शनी में केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी प्रदर्शित की गई है। इस प्रदर्शनी में इन कार्यक्रमों से संबंधित जानकारी आमजन को दी जाएगी वहीं इस जानकारी पर आधारित प्रश्न मंच जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाएगा। इन कार्यक्रमों में ज्यादा से ज्यादा आमजन भाग ले सकें ,इसके लिए कई तरह प्रतियोगिताओं का भी आयोजन आगामी पांच दिनों में किया जाएगा। इन कार्यक्रमों के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा। प्रदर्शनी और जागरूकता कार्यक्रम में गीत एवं नाटक प्रभात के कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। इस प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण टच स्क्रीन वाले टीवी पर खेली जाने वाली प्रतियोगिताओं का रहेगा जिसमें युवाओं के लिए पजल्स प्रदर्शित की गई हैं इसमें युवा बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।



शुभारंभ के अवसर पर क्षेत्रीय सांसद अनिल फिरोजियान ने कहा इस तरह के कार्यक्रमों से केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं कार्यक्रमों की जानकारी आमजन को होगी जिससे वे इन योजनाओं का लाभ उठाने में सक्षम बनेंगे यही प्रधानमंत्री का सपना भी है ताकि आमजन को सशक्त कर भारत को विकसित बनाया जा सके शुभारंभ अवसर पर केंद्रीय संचार ब्यूरो के अपर महानिदेशक प्रशांत पाठ राधे भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में केंद्रीय संचार ब्यूरो की सहायक निदेशक करिश्मा पंथ, सहायक निदेशक समीर वर्मा ,सहायक निदेशक अजय उपाध्याय ,सहायक प्रचार अधिकारी दिलीप सिंह परमार सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

